# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : सामान्य–08/2560
दिनांक : 13/12/2021

सेवा में

समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष
विभागाधिकारी/समन्वयक/निदेशक
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
एवं
प्राचार्य, एल0एल0आर0एम0 कॉलिज, मेरठ।

महोदय/महोदया,

जैसा कि विदित है कि विश्वविद्यालय का 33वाँ दीक्षान्त समारोह दिनांक 22 दिसम्बर, 2021 को आयोजित होने जा रहा है। उक्त दीक्षान्त समारोह में वितरित की जानी वाली उपाधियों के सम्बन्ध अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की पीएच0डी0 की उपाधि गोपनीय विभाग के विभिन्न काउन्टरों से, एल0एल0आर0एम0 मेडिकल कॉलिज, मेरठ की उपाधि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में स्थित स्वागति कक्ष से तथा विश्वविद्यालय परिसर की स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि सम्बन्धित विभागों से निर्धारित प्रपत्र भरकर दिनांक 22.12.2021 को प्रातः 08:00 बजे से 9:15 बजे तक उपाधि प्राप्तकर्ताओं को उपलब्ध करायी जायेगी। इसके उपरान्त उपाधि प्राप्तकर्ता शिक्षा विभाग से उत्तरीय (सैश) प्राप्त करते हुये, प्रातः 9:30 बजे तक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुये अपना स्थान ग्रहण करेगें। इसके पश्चात् किसी भी उपाधि प्राप्तकर्ता का प्रेक्षागृह में प्रवेश वर्जित है।

अतः अनुरोध है कि इस सम्बन्ध में समस्त उपाधि प्राप्तकर्ताओं को सूचित करने का कष्ट करें, जिससे उपाधि प्राप्तकर्ता दीक्षान्त समारोह में निर्धारित समय से उपस्थित हो सकें।

13/12/2021

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकरी को वित्त अधिकरी महोदय के सूचनार्थ।
05. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ।
05. विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग को इस आशय से कि वे उत्तरीय (सैश) मेकर्स हेतु विभाग में उचित स्थान आवन्टित करने का कष्ट करें।
06. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
07. प्रभारी, विश्वविद्यालय वैबसाइट को वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

13.12.21

सहा0 कुलसचिव(प्रशा0)